दिन– मंगलवार   दिनांक– 07 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।   अवधि– 05 मिनट

केंद्र सरकार ने राज्यों में प्रवासी मजदूरों को वितरित किए जाने वाले पांच किलोग्राम के मुक्त व्यापार एलपीजी (एफटीएल) सिलेंडरों के दैनिक आवंटन को दोगुना करने का निर्णय किया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव डॉ. नीरज मित्तल ने इस संबंध में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि ये पांच किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर राज्य सरकारों और उनके खाद्य तथा नागरिक आपूर्ति विभागों को केवल अपने राज्य में प्रवासी मजदूरों को तेल विपणन कंपनियों के सहयोग से आपूर्ति करने के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे। पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा कि बढ़ा हुआ आवंटन प्रवासी श्रमिकों को प्रदान किए गए सिलेंडरों की औसत दैनिक आपूर्ति पर आधारित होगा।

———————————————————

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना और किसानों की आय बढ़ाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। श्री सिंह आज जयपुर में आयोजित क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के लिए ठोस और बहुआयामी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को सशक्त बनाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए कृषि में विविधता आवश्यक है। श्री सिंह ने कहा कि प्राकृतिक खेती को अपनाने और उर्वरकों के विवेकपूर्ण उपयोग को सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया जाना चाहिए। उन्होंने राज्यों से मिशन मोड में किसान पहचान पत्र बनाने का आग्रह किया।

———————————————————

पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने पश्चिम चंपारण जिले में विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने योजनाओं का कार्यान्वयन तय समय सीमा में गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

———————————————————

गुरू तेग बहादुर जी महाराज के प्रकाश पर्व के अवसर पर आज पटना साहिब स्थित तख्त श्रीहरिमंदिर साहिब समेत विभिन्न गुरूद्वारों में विशेष दीवान सजाये गए हैं। इसके साथ ही शबद कीर्तन से वातावरण गुंजायमान हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरु तेग बहादुर जी के योगदान को नमन करते हुये उन्हें देश की सभ्यता का एक महान आध्यात्मिक व्यक्तित्व बताया। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि गुरु तेग बहादुर का जीवन निर्भीकता, त्याग और मानवता के प्रति गहरी चिंता का एक तेजस्वी उदाहरण है।

———————————————————————

मौसम विभाग ने आज रोहतास, कैमूर, पटना, मुंगेर और भागलपुर समेत राज्य के दक्षिणी हिस्सों में बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान कुछ स्थानों पर चालीस से पचास किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से धूलभरी आंधी चलने और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान जमुई के चकाई में सबसे अधिक आठ दशमलव छह मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। वहीं, पैंतीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ भभुआ सबसे गर्म स्थान रहा।

———————————————————————

आज विश्व स्वास्थ्य दिवस है। संपूर्ण विश्व में स्वास्थ्य संबंधी अच्छी आदतों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए यह दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष का विषय है– **स्वास्थ्य के लिए एकजुट, विज्ञान के साथ खड़े रहें।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर उन सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया जो दूसरों की सेवा में अथक परिश्रम करते हैं और स्वस्थ विश्व के लिए काम करते हैं। इस अवसर पर स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा ने सभी डॉक्टरों, नर्सों और अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि उनके समर्पण से ही देश की स्वास्थ्य प्रणाली मजबूत बनी हुई है। इधर, विश्व स्वास्थ्य दिवस पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

———————————————————————

बेगूसराय जिले के चेरिया बरियापुर मध्य विद्यालय की सेवानिवृत्त शिक्षिका कुमारी धर्मशीला ने विद्यालय के विकास के लिए दो लाख इक्यावन हजार रुपये की राशि प्रदान की है। वे इकतीस मार्च को सेवानिवृत्त हुई थीं।

———————————————————————

सुपौल के जिलाधिकारी सावन कुमार ने कर्तव्य में लापरवाही के आरोप में मरौना बाल विकास परियोजना कार्यालय में कार्यरत महिला पर्यवेक्षिका कल्याणी कुमारी को तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त कर दिया है।

——————————————————————————

पूर्वी चंपारण जिले के अरेराज थाना क्षेत्र से पुलिस ने एटीएम बदलकर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस मामले में एक आरोपी को चौंतीस एटीएम कार्ड के साथ गिरफ्तार किया गया।

——————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।